UNIVERSITY NEWS 11 JULY 2026

NBT

एलयू और नेपाल मिलकर करेंगे शोध

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक अब नेपाल के स्कॉलर व शिक्षकों के साथ शोध व शैक्षिक उन्नयन के लिए काम करेंगे। एलयू ने नेपाल के लुबिनी टेक्नॉलजिकल विश्वविद्यालय के बीच एमओयू साइन किया है। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध, नवाचार और तकनीकी-व्यावसायिक शिक्षा पर मिलकर काम करना है। एलयू के कुलपति प्रो. जेपी सैनी और लुबिनी टेक्नॉलजिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बिनोड प्रसाद धकाल ने एलयू में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के बीच व्यापक स्तर पर छात्र और शिक्षक एक्सचेंज प्रोग्राम चलाने पर भी सहमती बनी है।

NBT

छात्रों की शिकायतों के लिए एलयू में नया 'ग्रीवांस पोर्टल'

नए सत्र से शुरू होगा नया पोर्टल, एक क्लिक पर दर्ज होगी शिकायत

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) के छात्र-छात्राओं को अब समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। विवि प्रशासन की ओर से पारदर्शी समाधान के लिए अब एक नया 'ग्रीवांस पोर्टल' विकसित किया जा रहा है। यह नई व्यवस्था 'समर्थ पोर्टल' पर तैयार की जा रही है, जिसे नए शैक्षणिक सत्र से शुरू कर दिया जाएगा। छात्रों को शिकायतें दर्ज कराने के लिए अब विभिन्न विभागों या अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। छात्र अब ऑनलाइन माध्यम से महज एक क्लिक पर अपनी शिकायत या समस्या दर्ज कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि एलयू में अभी पूर्वोक्त्ती पोर्टल पर इसकी व्यवस्था है लेकिन यह इतना प्रभावी नहीं है। छात्रों तक इसकी पहुंच भी कम है। इसीलिए समर्थ की ओर से नया ग्रीवांस पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इसकी खास बात होगी कि यह पूरी तरह से स्टूडेंट फ्रेंडली होगा। एलयू के उच्च अधिकारी स्वयं इस पोर्टल की सीधी निगरानी करेंगे और दर्ज की गई शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाएगी। अधिकारियों की सीधी नजर होने के कारण विभागों को शिकायतों का निस्तारण जल्द हो सकेगा। हाल में जूलॉजी विभाग में एक शिक्षक की ओर से छात्र के शोषण का मामला सामने आया था जिसमें शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

मामले के बाद से कैंपस में प्रभावी ग्रीवांस सिस्टम की मांग थी।

नए प्रोवोस्टों को हॉस्टलों की कमान

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब नया सत्र शुरू होने से पहले हॉस्टलों के एडमिनिस्ट्रेशन में बड़ा बदलाव किया है। विवि की ओर से शुक्रवार को सभी हॉस्टलों की नई टीम का गठन कर दिया गया है। इसके तहत ओपी से ज्यादा हॉस्टलों के प्रोवोस्टों को बदल दिया गया है। प्रोवोस्टों के साथ ही कई असिस्टेंट प्रोवोस्टों को भी हटाकर नए शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। इस बार सभी हॉस्टलों में कुल 47 शिक्षकों को ये जिम्मेदारी दी गई है।

कई असिस्टेंट प्रोवोस्टों को भी हटाया

विवि प्रशासन की ओर से हॉस्टलों के गठने में बीड़े निकलने और छात्रों के प्रदर्शन के बाद चीफ प्रोवोस्ट को बदल दिया गया था लेकिन हॉस्टलों के प्रोवोस्टों में फिर्फ न्यू फैपस में ही बदलाव किए गए थे। नया सत्र शुरू होने से पहले अब विवि प्रशासन की ओर से हॉस्टलों की टीमों को में पूरी तरह से बदल दिया गया है। इसमें इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि प्रोवोस्ट जैसे वरिष्ठ पद सीनियर शिक्षकों को ही दिए गए हैं।

इन्हें जिम्मेदारी

एएनडी सॉस्टल, प्रो. अरपी सिंह।
बलरामपुर हॉस्टल, प्रो. उमेश सिंह।
बीरबल साहनी, प्रो. मनीष शुक्ल।
चंद्रशेखर आजाद, प्रो. अल्का मिश्रा।
अम्बेडकर लॉ हॉल, डॉ. रिचा सक्सेना।
गंगा हॉल, डॉ. वाशिष्ठी।
गोल्डन जुबिली, डॉ. अर्पना वर्मा
हबीबुल्लाह, डॉ. राहुल पांडेय।
हेमी भाभा, प्रो. अलोक कुमार।
कैलाश, प्रो बबीता जायसवाल।

VOICE OF LUCKNOW

लविवि ने नेपाल के लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के साथ किया एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारियों को सुदृढ़ करने और वैश्विक स्तर पर ज्ञान व अनुसंधान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने नेपाल के लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नेपाल के कुलपति प्रो. बिनोड प्रसाद धकाल के नेतृत्व में औपचारिक रूप से संपन्न हुआ। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य दोनों प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के मध्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान सहयोग, नवाचार और संस्थागत समन्वय को एक नई ऊंचाई प्रदान करना है।

यह समझौता ज्ञापन दोनों देशों के उच्चशिक्षण संस्थानों के बीच विभिन्न रचनात्मक और विकासात्मक गतिविधियों के लिए एक बेहद मजबूत और व्यापक ढांचा प्रदान करता है। इसके अंतर्गत मुख्य क्षेत्रों में मिलकर कार्य किया जाएगा। इसमें दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को एक-दूसरे के परिसरों में जाकर वैश्विक शैक्षणिक वातावरण को समझने और अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। दोनों देश के शोधकर्ता समसामयिक विषयों, तकनीकी नवाचारों और सतत विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं पर संयुक्त रूप से अनुसंधान करेंगे और अकादमिक शोध पत्र प्रकाशित करेंगे।

आधुनिक उद्योग और बाजार की बदलती आवश्यकताओं को देखते हुए दोनों संस्थान व्यावसायिक शिक्षा, इंटर्नशिप, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और कौशल विकास को बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान केंद्रित करेंगे। दोनों विश्वविद्यालय अपने शैक्षिक संसाधनों, अनुसंधान विशेषज्ञता, उन्नत पुस्तकालयों और सर्वोत्तम अकादमिक प्रणालियों को एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त, संगोष्ठियों कार्यशालाओं, सम्मेलनों और सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों का भी नियमित आयोजन किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन प्रारंभिक रूप से पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा, जिसे दोनों पक्षों की आपसी सहमति से भविष्य में आगे भी विस्तारित किया जा सकेगा। सभी प्रकार की सहयोगात्मक गतिविधियों को कार्यक्रम-विशिष्ट समझौतों के माध्यम से जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा।

I NEXT

दो गोल्ड के लिए आवेदन

LUCKNOW: एलयू ने राजा मौरावां गोल्ड मेडल और पियरे गोल्ड मेडल के लिए आवेदन संबंधी निर्देश जारी किए हैं. एलयू एवं संबद्ध कालेजों के ऐसे उत्कृष्ट खिलाड़ी जो राजा मौरावां गोल्ड मेडल और पियरे गोल्ड मेडल के लिए योग्य हैं. वे अपना प्रार्थना पत्र 14 जुलाई को शाम पांच बजे तक एलयू के क्रीड़ा परिषद कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें.

DAINIK JAGRAN

वीएलएड प्रवेश परीक्षा में कृतिका, वीएजेएमसी में शांभवी रही टापर

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने संबद्ध कालेजों में संचालित बीएलएड और बीएजेएमसी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के बाद मेरिट सूची जारी कर दी है। बीएलएड में 81 प्रतिशत अंकों के साथ कृतिका देक्षित और बीजेएमसी में 81 प्रतिशत अंक लाकर शांभवी द्विवेदी ने टाप किया है। मेरिट सूची में बीएलएड कोर्स के लिए ओपन रैंक 202 और बीजेएमसी में 176 रैंक तक अभ्यर्थी चयनित हुए हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव ने बताया कि जो अभ्यर्थी इन पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए हैं। वे अपनी कालेज की प्राथमिकता व्हाइस फिलिंग के माध्यम से 12 जुलाई को रात 12 बजे तक भर दें। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज के व्हाइस फिलिंग के आप्शन में जाकर अपने पूर्व में दिए गए अप्लीकेशन फार्म नंबर एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से व्हाइस फिलिंग भर सकते हैं।

स्वर्ण पदक के लिए आवेदन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने राजा मौरावां गोल्ड मेडल और पियरे गोल्ड मेडल के लिए आवेदन संबंधी निर्देश जारी किए हैं। लवि एवं संबद्ध कालेजों के ऐसे उत्कृष्ट खिलाड़ी जो राजा मौरावां गोल्ड मेडल और पियरे गोल्ड मेडल के लिए योग्य हैं। वे अपना प्रार्थना पत्र 14 जुलाई को शाम पांच बजे तक लवि के क्रीड़ा परिषद कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। आवेदन के साथ शैक्षणिक अभिलेखों की स्व प्रमाणित छायाप्रति, अंक पत्र, पहचान पत्र, नामांकन संख्या, खेल प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति जमा करना है। वि

दिया प्रशिक्षण

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग ने शिक्षकों के लिए मूलभूत प्रयोगशाला तकनीकों पर आयोजित दो दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि लवि मे विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. शीला मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया। विभाग की अध्यक्ष प्रो. अमिता कनौजिया ने कहा कि जंतु विज्ञान का प्रभावी अध्यापन केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए सुदृढ़ प्रयोगशाला कौशल भी आवश्यक है। वि.

AMAR UJALA

नेपाल की यूनिवर्सिटी से लविवि ने किया करार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को नई दिशा देते हुए नेपाल की लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एलटीयू) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत दोनों विवि छात्र-शिक्षक विनिमय, संयुक्त शोध परियोजनाओं, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा (टीवीईटी) और अकादमिक संसाधनों के साझा उपयोग पर मिलकर काम करेंगे। एमओयू पर लविवि के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बिनोद प्रसाद धकाल ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू शुरुआती तौर पर पांच वर्ष के लिए प्रभावी रहेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

शिक्षकों का प्रयोगशाला तकनीकों में दक्ष होना जरूरी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग की ओर से अध्यापकों के लिए आयोजित दो दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया।

कार्यशाला का उद्घाटन विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा ने किया। विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. अमिता कनौजिया ने कहा कि प्राणि विज्ञान का प्रभावी अध्यापन केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रयोगशाला तकनीकों में दक्षता भी उतनी ही आवश्यक है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आवश्यक प्रयोगशाला तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उनका तकनीकी आत्मविश्वास बढ़ाना और शैक्षणिक संवाद को मजबूत करना है। (माई सिटी रिपोर्टर)

गोल्ड मेडल के लिए 14 तक करें आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन ने राजा मोरांग गोल्ड मेडल एवं पियरे गोल्ड मेडल के लिए पात्र खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य की ओर से सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर, संबद्ध कॉलेजों के जो उत्कृष्ट खिलाड़ी इन गोल्ड मेडल के लिए पात्रता रखते हैं, वे अपना आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेखों के साथ 14 जुलाई तक शाम पांच बजे तक खेल परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं। (संवाद)

47 शिक्षकों को अतिरिक्त जिम्मेदारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न छात्रावासों के अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किया है। कुलपति की स्वीकृति से इन शिक्षकों को उनके विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त छात्रावास प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विवि की ओर से जारी आदेश के अनुसार, प्रो. आशीष अवस्थी को सभी छात्रावासों का चीफ प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMRIT VICHAR

लविवि : प्रो आशीष चीफ प्रोवोस्ट जबकि अन्य एडीशनल प्रोवोस्ट बने

■ अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न छात्रावासों के अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किया है। कुलपति की स्वीकृति से इन शिक्षकों को उनके विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त छात्रावास प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश के अनुसार, प्रो. आशीष अवस्थी को सभी छात्र-छात्रा छात्रावासों का चीफ प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है। पुराने परिसर के छात्रावासों के लिए प्रो. महेंद्र कुमार और प्रो. बबीता जायसवाल, जबकि नए परिसर के छात्र एवं छात्रा छात्रावासों के लिए प्रो. आलोक कुमार यादव और डॉ. कालिंदी को एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट बनाया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव हॉल, बलरामपुर हॉल, बिरबल साहनी हॉल, चंद्रशेखर आजाद हॉल, डॉ. भीमराव आंबेडकर लॉ हॉल (द्वितीय परिसर), गंगा हॉल (द्वितीय परिसर), गोल्डन जुबिली हॉल, हबीबुल्लाह हॉल, एचजेबी लॉ हॉल, एचजेआर लॉ हॉल, कैलाश गर्ल्स हॉल, कॉटिल्य बॉयज हॉल, लाल्पण्डा हॉल, लाल बहादुर शास्त्री हॉल, महमूदाबाद हॉल, निवेदिता मैनेजमेंट गर्ल्स हॉल, प्रो. आरएस बिष्ट हॉल, सुभाष हॉल तथा तिलक हॉल के लिए संबंधित शिक्षकों को प्रोवोस्ट और असिस्टेंट प्रोवोस्ट के रूप में नामित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी नियुक्तियां शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रभावी होंगी तथा संबंधित शिक्षक अपने विभागीय दायित्वों के साथ-साथ छात्रावासों में अनुशासन, सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था के संचालन की जिम्मेदारी भी निभाएंगे।

SWATANTRA BHARAT

दो दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र भारत संवाददाता

लखनऊ। विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग के तत्वावधान में प्राणी विज्ञान के अध्यापकों के लिए 'मूलभूत प्रयोगशाला तकनीकों' पर दो दिवसीय 'व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला' का जा आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि, लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राणी विज्ञान का प्रभावी अध्यापन केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए सुदृढ़ प्रयोगशाला कौशल भी आवश्यक हैं। ये कौशल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, विश्लेषणात्मक चिंतन, शुद्धता तथा अनुसंधान क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालयों के अध्यापकों को आवश्यक प्रयोगशाला तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना, उनका तकनीकी आत्मविश्वास बढ़ाना तथा सार्थक शैक्षणिक संवाद को प्रोत्साहित करना है। आयोजन सचिव डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. निधि द्विवेदी एवं डॉ. तृप्ति यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। उद्घाटन सत्र में प्रो. मनीष बनर्जी, प्रो. शैली मलिक, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. आशीष कुमार, प्रो. सुचित स्वरूप, प्रो. राजेश खरवार व डॉ. हाविया हुसैन मौजूद थे।

I NEXT

टीचर्स के लिए हुई ट्रेनिंग वर्कशॉप

LUCKNOW (10 July): एलयू के जंतु विज्ञान विभाग ने शिक्षकों के लिए मूलभूत लैब तकनीकों पर आयोजित दो दिवसीय व्यावहारिक ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया. मुख्य अतिथि एलयू में विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. शीला मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया. विभाग की अध्यक्ष प्रो. अमिता कनौजिया ने कहा कि जंतु विज्ञान का प्रभावी अध्यापन केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए सुदृढ़ प्रयोगशाला कौशल भी आवश्यक है.

AMRIT VICHAR

राजा मोरांवां व पियरे गोल्ड मेडल के लिए आवेदन 14 तक

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन ने राजा मोरांग गोल्ड मेडल एवं पियरे गोल्ड मेडल के लिए खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य की ओर से जारी सूचना के अनुसार लविवि परिसर, संबद्ध कॉलेजों के उत्कृष्ट खिलाड़ी अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र 14 जुलाई शाम 5 बजे तक खेल परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं। शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, अंकपत्र, पहचान पत्र, नामांकन संख्या, खेल प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करना जरूरी है। खेल प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय, राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर से संबंधित होने चाहिए। सूचना में स्पष्ट किया गया है कि 14 जुलाई को शाम 5 बजे के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

● लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस पर ऑनलाइन कार्यशाला में इंप्लीकेशन ऑफ चेंजिंग पापुलेशन डायनामिक्स इन इंडिया का आयोजन- 3:00 बजे से।

नेपाल के लुंबिनी विवि के साथ लविवि ने साइन किया एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को नई दिशा देते हुए नेपाल की लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एलटीयू) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत दोनों विवि छात्र-शिक्षक विनिमय, संयुक्त शोध परियोजनाओं, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा (टीवीईटी) और अकादमिक संसाधनों के साझा उपयोग पर मिलकर काम करेंगे।

एमओयू पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बिनोद प्रसाद धकाल ने हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह समझौता भारत-नेपाल के बीच उच्च शिक्षा और शोध सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। समझौते के तहत दोनों संस्थानों के विद्यार्थी और शिक्षक एक-दूसरे के परिसर में अध्ययन, अध्यापन और शोध कार्य कर सकेंगे। समसामयिक विषयों पर संयुक्त शोध और शोधपत्रों का प्रकाशन किया जाएगा। साथ ही उद्योग-अकादमिक सहयोग, इंटर्नशिप, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर रहेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नेपाल के कुलपति प्रो. बिनोड प्रसाद धकाल। ● अमृत विचार

प्राणि विज्ञान के शिक्षकों को प्रयोगशाला तकनीकों में दक्ष होना जरूरी

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि के प्राणि विज्ञान विभाग की ओर से महाविद्यालयों के अध्यापकों के लिए आयोजित दो दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा ने किया। विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो. अमिता कनौजिया ने कहा कि प्रभावी अध्यापन के लिए सैद्धांतिक ज्ञान के साथ प्रयोगशाला तकनीकों में दक्षता भी आवश्यक है। कार्यशाला में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर और गोरखपुर सहित विभिन्न जनपदों के प्राणि विज्ञान विभाग के अध्यापकों ने भाग लिया।

SWATANTRA BHARAT

लविवि ने किया लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से एमओयू

स्वतंत्र भारत संवाददाता

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय ने नेपाल की लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बिनोद प्रसाद धकाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय छात्र एवं संकाय विनिमय, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, शोध प्रकाशनों, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, इंटर्नशिप तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में मिलकर कार्य करेंगे। साथ ही शैक्षणिक संसाधनों, पुस्तकालयों, अनुसंधान विशेषज्ञता और सर्वोत्तम शिक्षण पद्धतियों का आदान-प्रदान किया जाएगा। संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों और सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों का भी नियमित आयोजन होगा। यह समझौता प्रारंभिक रूप से पांच वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा। इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ तथा लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर रिसर्च, एक्सटेंशन रिलेशंस एंड नॉलेज डिसेमिनेशन को सौंपी गई है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों और शोधार्थियों को वैश्विक स्तर पर नवाचार, तकनीकी विकास और अनुसंधान के नए अवसर उपलब्ध कराएगी तथा भारत-नेपाल के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाएगी।

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

सूचना

सुचित हो कि मैं विजय कुमार पाण्डेय पुत्र गोरखनाथ पाण्डेय निवासी-B-6/16 गोमतीनगर, एम.आर.मुरलानगर रोड लखनऊ। पहले मेरा नाम विजय पाण्डेय था, अब मेरा नाम विजय कुमार पाण्डेय हो गया है अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
सी.आर.- 713/L-34

सूचना

मेरी हार्मोनियम मार्केजीत डिस्कवर तेल

THE PIONEER

LU signs MoU with Nepal university

PIONEER NEWS SERVICE
Lucknow

Lucknow University on Friday signed an memorandum of understanding (MoU) with Lumbini Technological University, Nepal. The MoU was formally executed under LU Vice-Chancellor Prof Jai Prakash Saini and Lumbini Technological University, Nepal, Vice-Chancellor Prof Binod Prasad Dhakal.

The primary objective of this partnership is to elevate academic excellence, research collaboration, innovation and institutional cooperation between the two prestigious universities.

The MoU provides a strong and comprehensive framework for a wide range of constructive and developmental activities between the higher educational institutions of both countries.

Students and faculty members of both universities will have opportunities to visit each other's campuses, gain international exposure and experience diverse academic environments.

Researchers from both institutions will collaborate on contemporary issues, technological innovations, and sustainable development projects, and jointly publish academic research papers.

Keeping pace with evolving industry and market requirements, both institutions will emphasise vocational education, internships, industry-academia partnerships and skill development initiatives.

The universities will share academic resources, research expertise, advanced library facilities and best academic practices. In addition, seminars, workshops, conferences, and cultural exchange programmes will be organised regularly.

The MoU will initially remain in effect for a period of five years and may be extended further through mutual agreement of both parties.

All collaborative activities will be implemented through programme-specific agreements at the operational level.

The responsibility for the successful implementation and continuous monitoring of this landmark initiative has been jointly entrusted to the International Cell of Lucknow University and the Centre for Research, External Relations and Knowledge Dissemination of Lumbini Technological University. Vice-Chancellor Jai Prakash Saini said, "This international partnership with Lumbini Technological University, Nepal, will prove to be a milestone in providing our students and researchers with new opportunities for innovation, technological advancement, and research on the global stage."

HINDUSTAN

एलयूः छात्रावासों में प्रोवोस्ट नियुक्त

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रावासों के अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किया है। कुलपति की स्वीकृति से इन शिक्षकों को विभागीय दायित्वों के साथ छात्रावास प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रो. आशीष अवस्थी को सभी छात्र-छात्रा छात्रावासों का चीफ प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है। पुराने परिसर के छात्रावासों के लिए प्रो. महेंद्र कुमार व प्रो. बबीता जायसवाल और नए परिसर के छात्रावासों के लिए प्रो. आलोक कुमार यादव और डॉ. कालिंदी को एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट बनाया है।

HINDUSTAN

प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग की ओर से अध्यापकों के लिए आयोजित व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालयों के शिक्षकों के प्रयोगशाला कौशल को सशक्त बनाना और अनुसंधानोन्मुख को बढ़ावा देना रहा। उद्घाटन विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा ने किया। विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. अमिता कनौजिया रहीं।

राजा मौरावां व पियरे गोल्ड के आवेदन 14 तक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन ने राजा मोरावां गोल्ड मेडल और पियरे गोल्ड मेडल के लिए पात्र खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य की ओर से सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध कॉलेजों के उत्कृष्ट खिलाड़ी इन गोल्ड मेडल के लिए पात्रता रखते हैं, वे अपना आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेखों के साथ 14 जुलाई तक शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं।

छात्र-शिक्षक विनिमय व संयुक्त शोध को बढ़ावा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को दिशा देने को नेपाल की लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए है। दोनों विवि छात्र-शिक्षक विनिमय, संयुक्त शोध परियोजनाओं, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा और अकादमिक संसाधनों के साझा उपयोग पर मिलकर काम करेंगे। एमओयू पर एलयू के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बिनोद प्रसाद धकाल ने हस्ताक्षर किए।